आकाशवाणी मध्यप्रदेश

प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 12/09/2026 समय : 07.10PM

**मुख्य समाचार :–**

- **भारत की अध्यक्षता में 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का आज नई दिल्ली में हुआ शुभारंभ।**
- **केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा– अगले 5 वर्षों में स्वयं सहायता समूह की बहनों को मिलेगा 10 लाख करोड़ रु. का ऋण।**
- **प्रदेश में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन, लंबित और राजीनामा योग्य मामलें आपसी सहमति से हुए निराकृत।**
- **मौसम विभाग ने 15 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।**

**ब्रिक्स समिट 2026**

भारत की अध्यक्षता में 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का आज नई दिल्ली में शुभारंभ हुआ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तमिलनाडु के रामेश्वरम में स्थित प्रतिष्ठित रामनाथस्वामी मंदिर के मनोरम दृश्य के बीच भारत मंडपम में विश्व नेताओं का स्वागत किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिक्स समिट 2026 को संबोधित करते हुए कहा, इस वर्ष का ब्रिक्स समिट एक ऐतिहासिक पड़ाव है। हम ब्रिक्स की 20वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। मानव जीवन में 20 वर्ष की आयु, मैच्योरिटी और रिस्पॉन्सिबिलिटी के नए चरण का आरंभ करती है। यह वो अवस्था होती है जब सपनों के साथ जिम्मेदारियां जुड़ती हैं। सामर्थ्य को नई दिशा मिलती है। आज ब्रिक्स भी अपने कमिंग ऑफ एज के क्षण में है। पिछले 20 वर्षों में ब्रिक्स ने वैश्विक मंच पर अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। हम एक–दूसरे के दर्शकों का सम्मान करते हैं और कर्तव्यनिष्ठ से आगे बढ़ते हैं। हम किसी के विरुद्ध नहीं बल्कि सभी को साथ लेकर चलने की सोच के साथ आगे बढ़ने का प्रयास करते हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि अगले 20 वर्षों के लिए हमें एक नए और एम्बिशियस एजेंडा पर काम करना होगा.....

**ब्रिक्स शिखर सम्मेलन–2**

ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में 11 पूर्ण सदस्य देश और 10 साझेदार देशों सहित कुल 21 देश हिस्सा ले रहे हैं। 11 पूर्ण सदस्य देशों में ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका, मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और इंडोनेशिया शामिल है। जबकि बेलारूस, बोलीविया, कजाकिस्तान, क्यूबा, मलेशिया, नाइजीरिया, थाईलैंड, युगांडा, उज्बेकिस्तान और वियतनाम साझेदार देशों के रूप में भाग ले रहे हैं। भारत की अध्यक्षता में हो रहे इस सम्मेलन का विषय है– "लचीलापन, नवाचार, सहयोग और स्थिरता के लिए निर्माण।"

**लखपति दीदी संवादः शिवराज सिंह**

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज उद्यम वित्तपोषण और एसएचजी बैंक लिंकेज और प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के अंतर्गत देशभर की लाखों स्वयं सहायता समूह की सदस्यों, लखपति दीदियों और आवास हितग्राहियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संवाद किया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने घोषणा की कि अगले 5 वर्षों में समूहों को 10 लाख करोड़ रुपए का बैंक ऋण उपलब्ध कराया जाएगा, जिसमें 1 लाख करोड़ रुपए का व्यक्तिगत ऋण भी शामिल है।

**मुख्यमंत्री लाड़ली बहना**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल आगर मालवा से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की सितंबर माह की 40वीं किस्त का अंतरण करेंगे। इस अवसर पर प्रदेश की 1 करोड़ 25 लाख 10 हजार 150 पात्र महिलाओं के बैंक खातों में 1,835 करोड़ 09 लाख 22 हजार 450 रुपये की मासिक आर्थिक सहायता सीधे अंतरित की जाएगी।

**मुख्यमंत्री मुलाकात**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया से भेंट की। इस अवसर पर मध्यप्रदेश के विकास, रोजगार सृजन, युवाओं के कौशल विकास तथा प्रदेश में रोजगार के नए अवसरों के विस्तार से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने मध्यप्रदेश में युवाओं के कौशल विकास और रोजगार को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। साथ ही प्रदेश के युवाओं को अधिक अवसर उपलब्ध कराने तथा केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के सहयोग से रोजगार एवं कौशल विकास से जुड़ी विभिन्न योजनाओं को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने के संबंध में भी विचार–विमर्श किया।

**लोक अदालत**

प्रदेश में आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन गया। इसमें लंबित और राजीनामा योग्य मामले आपसी सहमति से निराकरण के लिए रखे गए। भोपाल में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भोपाल के अध्यक्ष मनोज कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय परिसर भोपाल में लोक अदालत का आयोजन किया गया। यहां 57 खंडपीठों का गठन किया गया है। रायसेन जिला न्यायालय परिसर सहित सभी तहसील अदालतों में लोक अदालत आयोजित की गई। लोक अदालत में 9 हजार से अधिक लंबित और प्रीलिटिगेशन प्रकरण सुनवाई के लिए रखे गए थे।

**प्रधानमंत्री आवास योजना**

सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना– शहरी के द्वितीय चरण के अंतर्गत 18 लाख 77 हजार मकानों को मंजूरी दी है। इससे योजना के क्रियान्वयन को और गति मिलेगी तथा शहरी क्षेत्रों में सभी के लिए आवास के लक्ष्य को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। यह निर्णय नई दिल्ली में केंद्रीय स्वीकृति और निगरानी समिति की नौवीं बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता आवास और शहरी कार्य मंत्रालय के शहरी विकास विभाग के सचिव सतेंद्र सिंह ने की। श्री सिंह ने राज्यों से पीएमएवाई–यू के द्वितीय चरण के समयबद्ध और प्रभावी क्रियान्वयन तथा निगरानी के लिए मिलकर प्रयास करने को कहा, ताकि योजना का लाभ सभी पात्र लाभार्थियों तक पहुंच सके।

**मौसम**

आज प्रदेश के विभिन्न शहरों में बारिश का दौर एक बार फिर प्रारंभ हुआ। इंदौर, धार, खरगोन और बड़वानी में तेज बारिश हुई जबकि भोपाल में दोपहर बाद हल्की बारिश हुई। रतलाम के नामली में मूसलाधार बरसात होने की खबर है। वहीं मौसम विभाग ने आज 15 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इनमें उज्जैन, धार, बड़वानी, खरगोन, खंडवा, देवास, हरदा, सागर, रायसेन, नर्मदापुरम, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, बालाघाट और छतरपुर शामिल हैं।

**क्रिकेट टी–20 एशिया कप**

महिला एशिया कप क्रिकेट में दुबई में कल भारतीय टीम फाइनल में पिछले चौंपियन श्रीलंका से भिड़ेगी। श्रीलंका की टीम कल पाकिस्तान को चार विकेट से हराकर फाइनल में पहुंच गई। 131 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका की महिला क्रिकेट टीम ने 4 विकेट खोकर 8 गेंद शेष रहते ही लक्ष्य हासिल कर लिया। श्रीलंका ने 2024 के फाइनल में भारत को हराकर अपना पहला एशिया कप खिताब जीता था।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में :–**

- खंडवा में वृत्त स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। कैबिनेट मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह के मुख्य आतिथ्य में आयोजित मेले में 50 से अधिक कंपनियों ने सहभागिता की।
- मुख्यमंत्री जन–विश्वास अभियान के अंतर्गत झाबुआ जिले के कलेक्टर ने मेघनगर स्थित औद्योगिक इकाइयों का निरीक्षण किया।
- आगरमालवा उत्कृष्ट विद्यालय की छात्रा ममता गवली ने नीमच में आयोजित हुई संभाग स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए जगह बनाई।
- जबलपुर जिले के ग्राम नुनसर स्थित शौर्य कृषि केंद्र का उर्वरक लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत निरीक्षण के दौरान की गई है।

..............................